# जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया
# Jananayak Chandrashekhar University, Ballia


पत्रांक–जे0एन0सी0यू0 / सा0प्र0 / 9963 / 2026 दिनांकः 03 जून, 2026

**शीर्ष प्राथमिकता / समयबद्ध**

सेवा में,

01. निदेशक शैक्षणिक,
विश्वविद्यालय परिसर।

02. प्राचार्य / प्राचार्या / प्रबन्धक
सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय,
जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय,
बलिया।

**विषयः–केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर दिनांकः 05 जून, 2026 से 21 जून, 2026 के मध्य, प्रदेश में समेकित जन–कल्याण एवं जन–जागरूकता अभियान का संचालन।**

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक मुख्य सचिव, सूचना अनुभाग–2, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ के पत्र संख्याः 274 / उन्नीस–2–2026, दिनांकः 01 जून, 2026 (छायाप्रति संलग्न) का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से **केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर दिनांकः 05 जून, 2026 से 21 जून, 2026 के मध्य शासन के नीतिगत निर्णयों, जन–केन्द्रित विकास कार्यों एवं लोक–कल्याणकारी उपलब्धियों को समाज के अन्तिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुँचाने, पात्र लाभार्थियों को शासकीय योजनाओं से आच्छादित करने, जन–समस्याओं के त्वरित एवं मौके पर निस्तारण तथा पर्यावरण संरक्षण को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से प्रदेश में समेकित जन–कल्याण एवं जन–जागरूकता अभियान का संचालन किये जाने के दिशा–निर्देश प्रदान किये गये हैं।**

तत्क्रम में माननीय कुलपति जी के आदेशानुसार आप सभी को निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्त पत्र मे वर्णित तथ्यों के आलोक में अपने **महाविद्यालय में कार्यक्रमों / गतिविधियों का आयोजन सुनिश्चित करने का कष्ट करें तथा कृत कार्यवाही की सूचना विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।**

संलग्नक–यथोक्त।

भवदीय

(एस0एल0 पाल)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. माननीय कुलपति जी।
2. प्रभारी वेबसाईट को विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करने एवं कालेज लागिन में सम्प्रेषण हेतु।
3. सम्बन्धित पत्रावली।

कुलसचिव


पताः–शहीद स्मारक, निकट सुरहा ताल, जिला–बलिया,उ0प्र0 पिन कोडः–277001
Address:- Saheed Smarak, Near Surha Taal, Dist-Ballia, U.P. Pin Code-277001
Website:-www.incu.ac.inE-mail :- incuballia@gmail.com

**महत्वपूर्ण**

**संख्या- 575 /सत्तर-3-2026- 1973533**

**प्रेषक,**

**शकील अहमद सिद्दीकी,**
संयुक्त सचिव
उत्तर प्रदेश शासन।

**सेवा में,**

1. **कुलपति,**
   समस्त राज्य विश्वविद्यालय,
   उत्तर प्रदेश।
2. **निदेशक,**
   उच्च शिक्षा,
   उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।
3. **सचिव,**
   उ0प्र0 शिक्षा सेवा चयन आयोग,
   प्रयागराज।
4. **कुलसचिव,**
   समस्त राज्य/ निजी विश्वविद्यालय
   उत्तर प्रदेश।
5. **समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी,**
   उ0प्र0।

उच्च शिक्षा अनुभाग-3 लखनऊ दिनांक: 04 जून, 2026

**विषय:- केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 5 जून, 2026 से 21 जून, 2026 के मध्य, प्रदेश में समेकित जन-कल्याण एवं जन-जागरूकता अभियान का संचालन संबंध में ।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या- 274/उन्नीस-2-2026 ,दिनांक 01 जून, 2026 (छायापति संलग्न) का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से अवगत कराया गया है कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में आगामी 7 जून, 2026 को केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। इस ऐतिहासिक अवसर पर 5 जून, 2026 से 21 जून, 2026 तक प्रदेश भर में व्यापक स्तर पर केन्द्र एवं राज्य सरकार की नीतियों, संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की उपलब्धियों तथा जनसामान्य के जीवन में आए सकारात्मक परिवर्तन को प्रदर्शित करने हेतु एक समेकित अभियान संचालित किया जाना है। शासन के नीतिगत निर्णयों, जन-केन्द्रित विकास कार्यो एवं लोक-कल्याणकारी उपलब्धियों को समाज के अन्तिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुँचाने, पात्र लाभार्थियों को शासकीय योजनाओं से आच्छादित करने, जन समस्याओं के त्वरित एवं मौके पर निस्तारण तथा पर्यावरण संरक्षण को सुदृढ करने के उद्देश्य से इस अवधि में प्रदेश के समस्त विकास खण्डों एवं नगरीय निकायों में समेकित जन-कल्याण एवं जन-जागरुकता अभियान संचालित किया जाना है। समस्त कार्यक्रम "सेवा, संस्कार, सुशासन एवं सम्मान" के मूल भाव के अनुरूप संचालित किए जाएँ। अभियान के प्रत्येक चरण में सादगी, अनुशासन, ईधन-बचत,

पर्यावरण संरक्षण एवं जनभागीदारी को प्राथमिकता दी जाए। केन्द्र एवं राज्य सरकार की लोक-26 कल्याणकारी योजनाओं के संतृप्तीकरण तथा प्रदेश में विगत वर्षों में हुए विकास कार्यों एवं सुशासन मॉडल को समस्त कार्यक्रमों में समाहित किया जाए।

2- उक्त संदभित पत्र में 29 मई, 2026 को माननीय मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में सम्पन्न उच्च स्तरीय बैठक में इस अभियान को प्रभावी, सुव्यवस्थित एवं जन-केन्द्रित बनाने हेतु विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए हैं। माननीय मुख्यमंत्री जी के निर्देशों के क्रम में उक्त अभियान को समयबद्ध एवं गरिमामय ढंग से क्रियान्वित करने हेतु मुख्य सचिव , उ0प्र0 शासन द्वारा दिये गये कतिपय दिशा-निर्देशों का कडाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये गये हे।

3- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कृपया प्रश्नगत प्रकरण में मुख्य सचिव , उ0प्र0 शासन द्वारा दिये गये निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए इसकी अनुपालन आख्या निदेशक, उच्च शिक्षा उ0प्र0, प्रयागराज के माध्यम से समयान्तर्गत शासन कों उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

**संलग्नक-यथोक्त।**

भवदीय,

Digitally signed by
Shakil Ahmad Siddiqui
Date: 04-06-2026
12:47:09

(शकील अहमद सिद्दीकी)
संयुक्त सचिव।

**संख्या एवं दिनांक तदैव।**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित -

1- निजी सचिव, मा0 मंत्री जी, उच्च शिक्षा विभाग,उ0प्र0 ।
2- निजी सचिव, मा0 राज्यमंत्री जी, उच्च शिक्षा विभाग,उ0प्र0 ।
3- निजी सचिव, प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग,उ0प्र0 शासन ।
4- निजी सचिव, सचिव, उच्च शिक्षा विभाग,उ0प्र0।
5- निजी सचिव, विशेष सचिव, उच्च शिक्षा विभाग,उ0प्र0।
6- समस्त संयुक्त सचिव/उप सचिव/अनु सचिव, उच्च शिक्षा विभाग,उ0प्र0।
7- अपर सचिव, उ0प्र0 राज्य उच्च शिक्षा परिषद्, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि कृपया अपने स्तर से संबंधितों को निर्देशित करने का कष्ट करें।

आज्ञा से,

**(शकील अहमद सिद्दीकी)**
संयुक्त सचिव।

संख्या- 274/उन्नीस-2-2026

प्रेषक,

एस. पी. गोयल

मुख्य सचिव,

उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1- समस्त अपर मुख्य सचिव/ प्रमुख सचिव/ सचिव, उत्तर प्रदेश शासन।

2- समस्त विभागाध्यक्ष/ कार्यालयाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश।

3- समस्त मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश।

4- समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।

सूचना अनुभाग - 2 लखनऊः दिनांकः 01 जून, 2026

विषयः केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 5 जून, 2026 से 21 जून, 2026 के मध्य, प्रदेश में समेकित जन-कल्याण एवं जन-जागरूकता अभियान का संचालन।

महोदया/ महोदय,

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में आगामी 7 जून, 2026 को केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। इस ऐतिहासिक अवसर पर 5 जून, 2026 से 21 जून, 2026 तक प्रदेश भर में व्यापक स्तर पर केन्द्र एवं राज्य सरकार की नीतियों, संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की उपलब्धियों तथा जनसामान्य के जीवन में आए सकारात्मक परिवर्तन को प्रदर्शित करने हेतु एक समेकित अभियान संचालित किया जाना है।

शासन के नीतिगत निर्णयों, जन-केन्द्रित विकास कार्यों एवं लोक-कल्याणकारी उपलब्धियों को समाज के अन्तिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुँचाने, पात्र लाभार्थियों को शासकीय योजनाओं से आच्छादित करने, जन-समस्याओं के त्वरित एवं मौके पर निस्तारण तथा पर्यावरण संरक्षण को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से इस अवधि में प्रदेश के समस्त विकास खण्डों एवं नगरीय निकायों में समेकित जन-कल्याण एवं जन-जागरूकता अभियान संचालित किया जाना है।

समस्त कार्यक्रम "सेवा, संस्कार, सुशासन एवं सम्मान" के मूल भाव के अनुरूप संचालित किए जाएँ। अभियान के प्रत्येक चरण में सादगी, अनुशासन, ईंधन-बचत, पर्यावरण संरक्षण एवं जनभागीदारी को प्राथमिकता दी जाए। केन्द्र एवं राज्य सरकार की लोक-कल्याणकारी योजनाओं के संतृप्तीकरण तथा प्रदेश में विगत वर्षों में हुए विकास कार्यों एवं सुशासन मॉडल को समस्त कार्यक्रमों में समाहित किया जाए।

इस सम्बन्ध में 29 मई, 2026 को माननीय मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में सम्पन्न उच्च स्तरीय बैठक में इस अभियान को प्रभावी, सुव्यवस्थित एवं जन-केन्द्रित बनाने हेतु

(अमृत त्रिपाठी)
सचिव
उच्च शिक्षा विभाग

विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए हैं। माननीय मुख्यमंत्री जी के निर्देशों के क्रम में उक्त अभियान को समयबद्ध एवं गरिमामय ढंग से क्रियान्वित करने हेतु समस्त विभागों से निम्नलिखित अपेक्षाएं की जाती हैं:-

1. **विश्व पर्यावरण दिवस (5 जून, 2026):**

इस अवसर पर माननीय प्रधानमंत्री जी की अपील के अनुसार सम्पूर्ण प्रदेश में 'एक पेड़-माँ के नाम' अभियान के अन्तर्गत समस्त 825 विकास खण्डों तथा 762 नगर निकायों के साथ-साथ समस्त ग्राम पंचायतों में 5 करोड़ पौधों का वृक्षारोपण किया जाएगा। वन एवं पर्यावरण विभाग द्वारा अन्य विभागों के सहयोग से इस कार्यक्रम का आयोजन करते हुए इस अवसर पर निम्न कार्यवाहियां की जाएंगी:-

- अमृत सरोवरों, तालाबों, सड़कों, एक्सप्रेसवे, नदी एवं नहरों के किनारे वृक्ष लगाए जाएँ। सिटी फ़ॉरेस्ट विकसित करने पर विशेष बल दिया जाए।
- प्रत्येक जनपद में स्थानीय एवं पारम्परिक प्रजातियों तथा फलदार वृक्षों के रोपण को प्राथमिकता दी जाए।
- विद्यालयों, महाविद्यालयों, स्वयं सहायता समूहों एवं सामाजिक संगठनों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाए।
- प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम प्रधानों एवं स्थानीय कर्मियों के सहयोग से वृक्षारोपण किया जाए।
- समस्त कार्यक्रम प्लास्टिक उपयोग से पूर्णतः मुक्त रखे जाएँ।

2. **विशेष जन-सम्पर्क एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम (8 जून, 2026 से 14 जून, 2026):**

माननीय प्रभारी मंत्री जी/ अन्य माननीय जनप्रतिनिधिगण एवं नोडल प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा समाज के विभिन्न वर्गों तक शासकीय योजनाओं की जानकारी एवं उपलब्धियाँ पहुँचाने हेतु जनपद के प्रबुद्ध वर्ग यथा चिकित्सकों, अधिवक्ताओं, शिक्षकों, उद्यमियों, व्यवसायियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं आदि से सम्पर्क एवं संवाद स्थापित किया जाएगा। स्वयं पौधारोपण करते हुए नागरिकों को वृक्ष लगाने हेतु प्रोत्साहित किया जाए। सर्वाधिक अस्वच्छ सार्वजनिक स्थलों को चिन्हित कर सफाई तथा प्लास्टिक अपशिष्ट के निस्तारण हेतु विशेष अभियान संचालित किए जाएँ। मलिन बस्तियों में संवाद तथा "सरकार आपके द्वार" स्वरूप में जन-समस्या समाधान शिविरों का आयोजन सुनिश्चित किया जाए।

3. **मीडिया सम्बोधन एवं संवाद (11 जून, 2026 से 14 जून, 2026):**

12/ 13 जून, 2026 को प्रदेश स्तर पर माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा मीडिया को सम्बोधित किया जाएगा तथा केन्द्र एवं राज्य सरकार की अद्यतन उपलब्धियों का विवरण प्रस्तुत किया जाएगा। तत्पश्चात् समस्त जनपदों में माननीय प्रभारी मंत्रिगण, केन्द्र सरकार के माननीय मंत्री अथवा बोर्ड/ आयोग के वरिष्ठ पदाधिकारीगण प्रेस वार्ताएँ आयोजित कर सरकार की उपलब्धियों का प्रस्तुतीकरण करेंगे। शासन की उपलब्धियों एवं योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु प्रस्तुतीकरण (PPT) एवं प्रचार-साहित्य तैयार किया जाए।

सम्बन्धित विभागों द्वारा अपनी योजनाओं की प्रगति एवं उपलब्धियों के वीडियो एवं विवरण तैयार कर सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के समन्वय से व्यापक प्रसार सुनिश्चित किया जाए।

4. **जन-कल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेला (14 जून, 2026 से 16 जून, 2026):**

प्रदेश के समस्त 825 विकास खण्डों में आयोजित होने वाले इन त्रि-दिवसीय जन-कल्याण मेलों में समस्त विभागों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाए। समस्त विभाग अपनी योजनाओं एवं कार्यक्रमों की स्टॉल लगाते हुए जनसामान्य को योजनाओं की जानकारी प्रदान करें तथा इच्छुक एवं पात्र व्यक्तियों का पंजीकरण कराएँ। योजनाओं के सम्बन्ध में ब्रोशर/ लीफलैट भी वितरित किए जाएँ। इस कार्यक्रम के साथ 'स्वास्थ्य मेले/ जन-आरोग्य मेले भी आयोजित किए जाएंगे। भीषण गर्मी को देखते हुए शिविर स्थलों पर आने वाले आम नागरिकों के लिए पर्याप्त छाँव/ पंडाल, बैठने की सुदृढ़ व्यवस्था तथा शीतल पेयजल की अनिवार्य व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

इन मेलों में केन्द्र एवं राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं - यथा आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना, पीएम मातृ वन्दना योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, पीएम स्वनिधि योजना, अटल पेंशन योजना आदि के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए लाभार्थियों की "सफलता की कहानियाँ" भी प्रदर्शित की जाएँ। राज्य सरकार की योजनाओं यथा मुख्यमंत्री जन-आरोग्य योजना, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना, मुख्यमंत्री किसान दुर्घटना कल्याण योजना, मुख्यमंत्री कृषक उपहार योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोज़गार योजना, मुख्यमंत्री व्यापारी दुर्घटना बीमा योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोज़गार योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, **One District One Product** (ODOP)/ One District, One Cuisine (ODOC) योजना तथा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि का प्रचार-प्रसार करते हुए पात्र लाभार्थियों का पंजीकरण कराया जाए।

5. **विकसित भारत संकल्प सम्मेलन (16 जून, 2026 से 17 जून, 2026):**

राज्य स्तर पर विभिन्न विधाओं/ क्षेत्रों के न्यूनतम 300 प्रबुद्ध महानुभावों/ विषय-विशेषज्ञों का चयन कर सूची तैयार की जाए तथा जनपदों में भ्रमण की योजना बनाई जाए। प्रत्येक प्रबुद्धजन द्वारा अभियान अवधि में न्यूनतम 3 विकास खण्डों का भ्रमण कर वहाँ आयोजित मेलों/ शिविरों में केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं की उपलब्धियों पर व्याख्यान दिए जाएँ। जनपद के प्रबुद्ध एवं प्रभावशाली व्यक्तियों - चिकित्सकों, अभियन्ताओं, शिक्षकों, उद्योगपतिओं, अधिवक्ताओं, युवा उद्यमियों, स्टार्टअप इनोवेटरों, Farmer Producer Organisation (FPO) संचालकों, लाभार्थियों आदि के साथ विकसित भारत एवं विकसित उत्तर प्रदेश थीम पर संवाद किया जाए। जिला प्रशासन द्वारा इनके रूट-चार्ट एवं सत्कार की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इस कार्यक्रम में महिलाओं एवं युवाओं सहित समाज के प्रत्येक वर्ग का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जाए।

6. विकास प्रदर्शनी (17 जून, 2026 से 20 जून, 2026):

प्रत्येक जनपद में आयोजित होने वाली 3-दिवसीय प्रदर्शनियों में युवा, महिला एवं ग़रीब कल्याण को समर्पित सरकार की उपलब्धियों तथा उत्तर प्रदेश की पहचान बन चुकी वृहद इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं, आध्यात्मिक केन्द्रों के विकास एवं आन्तरिक सुरक्षा के सुदृढ़ मॉडल को "पहले और अब" के प्रारूप में प्रदर्शित किया जाए। प्रदर्शनी में मुख्य रूप से निम्नलिखित उपलब्धियाँ सम्मिलित की जाएँ:-

- **आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक केन्द्र:** श्री राम जन्मभूमि मन्दिर (अयोध्या), श्री काशी विश्वनाथ धाम (वाराणसी), महाकुम्भ स्थल (प्रयागराज) तथा प्रदेश के अन्य पुनर्जीवित तीर्थ स्थल एवं दार्शनिक केन्द्र।
- **वृहद इन्फ्रास्ट्रक्चर एवं औद्योगिक परियोजनाएँ:** नौएडा अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, रैपिड रेल, पूर्वांचल एवं बुन्देलखण्ड ऐक्सप्रेसवे, गंगा ऐक्सप्रेसवे, गोरखपुर एवं रायबरेली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (AIIMS), गोरखपुर का उर्वरक (Fertilizer) कारखाना, रक्षा गलियारा (Defence Corridor) आदि।
- **आन्तरिक सुरक्षा मॉडल:** विगत वर्षों में कानून-व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण, दंगामुक्त माहौल, महिला सुरक्षा एवं पुलिस आधुनिकीकरण पर हुए कार्य।
- **विकसित उत्तर प्रदेश —2047 विज़न:** हरित ऊर्जा, डिजिटल शासन, औद्योगिक एवं तकनीकी विकास तथा आधुनिक कृषि एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था।

जिला प्रदर्शनी में ऐसी व्यवस्था की जाए जहाँ आमजन माननीय प्रधानमंत्री जी के कट-आउट के साथ फोटो/ सेल्फी ("Selfie with PM") ले सकें तथा सरकार की उपलब्धियों एवं परियोजनाओं के सम्बन्ध में व्यक्तिगत अनुभव वीडियो (Vox-Pop/ Success Videos) रिकॉर्ड कर सकें। प्रदर्शनी स्थल का चयन ऐसा हो जहाँ आम नागरिकों के लिए आवागमन सुलभ हो। समानान्तर रूप से ऑन-द-स्पॉट चित्रकला प्रतियोगिताओं, लाभार्थी अनुभव-साझाकरण एवं योजनाओं हेतु पंजीकरण की व्यवस्था की जाए।

7. **प्राकृतिक खेती कार्यशालाएँ** (18 जून, 2026 से 19 जून, 2026):

- प्रत्येक जनपद में कम से कम 1 प्राकृतिक एवं प्रगतिशील खेती कार्यशाला आयोजित की जाए, जिसमें 500 से अधिक किसानों एवं सम्बन्धित व्यक्तियों की उपस्थिति सुनिश्चित हो।
- प्रतिभागियों को जीवामृत, बीजामृत, प्राकृतिक खाद एवं जैविक कीटनाशक तैयार करने की प्रक्रिया के "लाइव डैमो जोन" के माध्यम से व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाए।
- गौ-आधारित प्राकृतिक खेती एवं जल-संरक्षण पर विशेष सत्र तथा "कम लागत, अधिक आय" आधारित किसान-संवाद कार्यक्रम संचालित किए जाएँ।
- क्षेत्रवार फसल आधारित प्राकृतिक खेती मॉडल प्रस्तुत किए जाएँ तथा उल्लेखनीय कार्य करने वाले सफल किसानों का सम्मान किया जाए।

- कार्यशाला स्थल पर प्राकृतिक खाद, बीज, जैविक कीटनाशक, मिलेट्स, स्थानीय कृषि उत्पाद एवं सिंचाई तकनीक से सम्बन्धित स्टॉल लगाए जाएँ।

8. **अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस (21 जून, 2026):**

- जिला प्रशासन के सहयोग से जनपद एवं ग्राम पंचायत स्तर पर भव्य योग दिवस कार्यक्रम आयोजित किए जाएँ।
- युवाओं, महिलाओं, National Cadet Corps (NCC), पुलिस एवं स्वयंसेवी संगठनों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए।
- साइकिल एवं पैदल जागरूकता यात्राएँ आयोजित की जाएँ तथा कार्यक्रम पूर्णतः प्लास्टिक उपयोग से मुक्त रखे जाएँ।

9. **रात्रि चौपाल एवं विश्राम:**

अभियान अवधि में ग्रामीण क्षेत्रों में "रात्रि चौपाल" का आयोजन किया जाए, जिसमें शासकीय योजनाओं की समीक्षा एवं जन-शिकायतों का निस्तारण किया जाए। सम्बन्धित जनपद के नामित माननीय मंत्री जी/ जनप्रतिनिधिगण एवं प्रशासनिक अधिकारी चौपाल के उपरान्त चिन्हित ग्रामीण क्षेत्रों में रात्रिकालीन विश्राम करेंगे, जिससे स्थानीय समस्याओं का जमीनी स्तर पर अध्ययन कर त्वरित सुधारात्मक कार्यवाही की जा सके।

माननीय प्रभारी मंत्री जी के मार्गदर्शन में समस्त जिलाधिकारी अपने-अपने जनपदों में इस अभियान का सफल एवं सुचारू संचालन सुनिश्चित करेंगे। प्रत्येक स्तर पर आयोजित कार्यक्रम, भ्रमण, शिविर/ मेलों आदि की, दैनिक प्रगति (फोटोग्राफ्स एवं उच्च गुणवत्ता की वीडियो क्लिपिंग्स सहित) संकलित कर सूचना विभाग को प्रेषित की जाएँ।

उक्त दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

भवदीय,

1/6/2026

(एस. पी. गोयल)

मुख्य सचिव।